# सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

## दिनांक- 29.06.2025

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना डकोर पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते 03 अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल/गिरफ्तार कर एवं अभियुक्तों के कब्जे से अवैध असलाह मय कारतूस व मारूति ईको कार बरामद किया गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 28/29.06.2025 को एसओजी प्रभारी जनपद जालौन को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि शातिर/संदिग्ध अपराधी जो हमीरपुर, महोबा व अन्य जनपदों में जघन्य अपराध लूट, डकैती, नकबजनी, रंगदारी इत्यादि की घटना कारित करते हैं, ये लोग उरई के एक अंग्रेजी शराब के ठेके पर मुखबिर द्वारा एक चार पहिया वाहन के साथ देखे गये हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के निर्देशन पर एसओजी व थाना डकोर पुलिस टीम एवं सिटी सर्किल के अन्य थानों के पुलिस बल द्वारा सर्च ऑपरेशन प्रारम्भ किया गया तथा मुखबिरों को सतर्क किया गया। देर रात में मुखबिर से पुन: सूचना प्राप्त हुई कि 04 पेशेवर अपराधी जैसारी कला नहर अंडर पास, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के नीचे ईको मारूति कार के साथ खडे हैं। इस सूचना पर एसओजी व थाना डकोर की संयुक्त टीम ने अपराधियों को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से घेराबन्दी की गयी। पुलिस टीम को देखते ही गाड़ी के चालक नें आत्मसमर्पण कर दिया। एक अपराधी (रामू) बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के किनारे-किनारे भागा, जिसका पुलिस टीम नें पीछा किया, किन्तु अन्धेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा तथा 02 अपराधी बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पुल के पास डकोर से जैसारीकला जाने वाले रोड पर भागे। दूसरी तरफ से थाना डकोर पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी करके अभियुक्तों की गिरफ़्तारी का प्रयास किया तो अभियुक्तों द्वारा भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फ़ायरिंग की गई जिसमे टीम बाल-बाल बची। हिक्मत-ए-अमली का प्रयोग करते हुए आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी नियंत्रित फ़ायरिंग की गई जिसमें दो अभियुक्त गोली लगने से घायल/गिरफ्तार हुए तथा 01 अभियुक्त(चालक) को गिरफ़्तार किया व एक अभियुक्त (रामू) मौके से फरार हो गया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर ,04 अदद खोखा कारतूस व 04 अदद जिन्दा कारतूस व एक इको कार सफेद UP92AQ7489 आदि सामान बरामद किए गये। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए घायल अभियुक्तों को प्राणरक्षा हेतु मेडिकल कॉलेज उरई भिजवाया गया।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त नरेन्द्र पाल उपरोक्त के उपर डकौती लूट, पुलिस मुठभेड़, चोरी, नकबजनी, गैंगेस्टर जैसे जघन्य अपराधो के संबन्ध में विभिन्न जनपदो में 20 से अधिक अभियोग पंजीकृत है। इसी प्रकार अभियुक्त विष्णु उपरोक्त पर भी लगभग 18-20 अभियोग पंजीकृत हैं।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में थाना डकोर पर मु0अ0सं0 80/2025 धारा 312/313/109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभि0 रामू पुत्र कल्लू राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष ग्राम हरसुंडी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित की गयी है एवं पुलिस टीम को 25,000/- रूपये के इनाम घोषित किया गया है।

**पूछताछ का विवरण-**

प्रारंभिक पूंछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग अलग-अलग कई जनपद में डकौती लूट, चोरी, नकबजनी एवं अन्य घटनाओं को अंजाम देकर धन अर्जित करते हैं व उन रुपयों से अपनी जरूरतें व शौक पूरे करते हैं। आज भी इसी तरह हम लोग थाना डकोर के बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के किनारे एक गांव में नकबजनी की घटना को अंजाम देने वाले थे कि आप लोगों नें पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण -**

1. नरेंद्र पाल पुत्र शंकरपाल उम्र करीब 23 वर्ष नि0 ग्राम बफरेता थाना चरखारी जनपद महोबा
2. विष्णु उर्फ विशुन पुत्र भागीरथ उम्र करीब 35 वर्ष ग्राम छीबोली थाना जरिया जनपद हमीरपुर
3. शिवम यादव पुत्र कंदीलाल यादव उम्र करीब 23 वर्ष नि0 ग्राम बड़ी बंधौली थाना डकोर जनपद जालौन (चालक)

**बरामदगी-**

1. 02 अदद अवैध तमंचा व 04 अदद खोखा कारतूस व 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
2. 01 अदद इको कार सफेद UP92AQ7489
3. 02 अदद मोबाइल
4. 01 अदद लोहे का सब्बल
5. 01 अदद पेंचकस
6. 2150 रुपए

**नरेन्द्र पाल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 95/24 धारा 323/34/386/504/506 भादवि0 थाना डकोर जनपद जालौन
2. मु0अ0सं0 96/24 धारा 323/386/504/506 भादवि0 थाना डकोर जनपद जालौन
3. मु0अ0सं0 97/24 धारा 147/148/149/307 भादवि0 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना डकोर जनपद जालौन
4. मु0अ0सं0 268/19 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना चरखारी जनपद महोबा

5. मु0अ0सं0 23/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर
6. मु0अ0सं0 18/22 धारा 307 भादवि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
7. मु0अ0सं0 26/20 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
8. मु0अ0सं0 42/25 धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस थाना राठ जनपद हमीरपुर
9. मु0अ0सं0 96/21धारा 380/411/457 भादवि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
10. मु0अ0सं0 96/21 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
11. मु0अ0सं0 108/21 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
12. मु0अ0सं0 148/20 धारा 379/411 भादवि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
13. मु0अ0सं0 149/20 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर
14. मु0अ0सं0 355/22 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर
15. मु0अ0सं0 451/21 धारा 323/504/506 भादवि0 व 3(1)(घ) 3(1)(द)/3(2)(va) Sc/ st एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर
16. मु0अ0सं0 506/23 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर
17. मु0अ0सं0 598/21 धारा 382/411/427/457 भादवि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
18. मु0अ0सं0 628/21 धारा 395/411 भादवि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
19. मु0अ0सं0 664/21 323/382/411 भादवि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
20. मु0अ0सं0 80/2025 धारा 312/313/109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना डकोर जनपद जालौन

उपरोक्त अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के थानो व सीमावर्ती जनपदों से की जा रही है।

**विष्णु उर्फ विसुन उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 11/2022 धारा 20 बी औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधि0 थाना जरिया जनपद हमीरपुर
2. मु0अ0सं0 80/2018 धारा 323/354(क)/452/504/506 भादवि व 3(1)(w)(1)Sc/ st एक्ट थाना जरिया जनपद हमीरपुर
3. मु0अ0सं0 157/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जरिया जनपद हमीरपुर
4. मु0अ0सं0 217/2024 धारा 115(2)/333/351(2)/352/353(3) बीएनएस थाना जरिया जनपद हमीरपुर
5. मु0अ0सं0 251/2022 धारा 382/411 भादवि थाना जरिया जनपद हमीरपुर
6. मु0अ0सं0 254/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जरिया जनपद हमीरपुर
7. मु0अ0सं0 256/2022 धारा 413 भादवि थाना जरिया जनपद हमीरपुर

8. मु0अ0सं0 268/2022 धारा 317(1)/317(4)/ 317(5)/ 318(4)/ 336(3)/338/340(2) भादवि थाना जरिया जनपद हमीरपुर
9. मु0अ0सं0 421/2022 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना जरिया जनपद हमीरपुर
10. मु0अ0सं0 07/2020 धारा 147/148/149/307 भादवि थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
11. मु0अ0सं0 09/2020 धारा 20/8बी मादक पदार्थ अधि0 थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
12. मु0अ0सं0 95/2020 धारा 2(B)(I)3 गैगेस्टर एक्ट थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
13. मु0अ0सं0 161/2023 धारा 379/403/411 भादवि थाना राठ जनपद हमीरपुर
14. मु0अ0सं0 229/2021 धारा 20/8बी मादक पदार्थ अधि0 थाना राठ जनपद हमीरपुर
15. मु0अ0सं0 80/2025 धारा 312/313/109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना डकोर जनपद जालौन

उपरोक्त अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के थानो व सीमावर्ती जनपदों से की जा रही है।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना डकोर मय टीम
2. एसओजी/सर्विलांस टीम जनपद जालौन